

E- Newsletter

# स्वीप संदेश

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

July-August, 2022 / Vol 10-11

## Voter Helpline App

The Voters never had the convenience of voter centric features delivered through the mobile app. All the services were available either in the physical format or were scattered in various websites and applications. The Voter had to either fill in the physical form or visit the website. Similarly, making the complaint had been an arduous task.

## राज्यसभा चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

देश भर में राज्यसभा की खाली हो रही 57 सीटों के लिए 24 मई को अधिसूचना जारी हुई। 10 जून को मतदान तय थे लेकिन झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए दो ही उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। दोनों उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी पूरी कर इसकी सूचना चुनाव आयोग को भेज दी गयी थी। इसके बाद 3 जून 2022 को इनके निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा कर दी गयी। भाजपा के राज्यसभा कैंडिडेट आदित्य साहू और झामुमो की राज्यसभा कैंडिडेट महुआ माजी निर्विरोध निर्वाचित हुए।



**Voter Helpline App is the comprehensive app for Indian Voters to search their name in the electoral roll, submit forms for voter registration & modification, download their digital photo voter slips, make complaints, find details about the contesting candidates and most importantly see the real-time results of the elections.**



# world ENVIRONMENT DAY

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुवात**



विश्व पर्यावरण दिवस , 5 जून 2022 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सीईओ ऑफिस में वृक्षारोपण किया साथ ही राज्य में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों , कर्मियों को उनके दफ्तरों, सभी पोलिंग बूथ और इवीएम् वेयरहाउस में वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर सीईओ ऑफिस द्वारा आगामी चुनावों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक को इस्तेमाल में न लाने का निश्चय किया गया।

पर्यावरण की रक्षा कीजिये ,खुशहाल जीवन का आनंद लीजिये



> 8 जून को माण्डर उपचुनाव को लेकर नोडल पदाधिकारियों की बैठक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न







13 जून 2022 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर झारखण्ड के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

DID YOU KNOW?

भारतीय चुनावों की महत्वपूर्ण इकाई "ईवीएम" का उपयोग पहली बार मई 1982 में केरल विधानसभा चुनावों के दौरान किया गया था।

> Remeber for your progress,
> for your welfare,
> your happiness,
> never fail to cast your
> vote in elections.
>
> -Dr. APJ Abdul Kalam
>
> Former President Of India



## Schedule for Bye-election in Assembly Constituency 66- Mandar

**Number and Name of Assembly Constituency:**
**66-Mandar(ST) AC**

**Important Dates**
**Date of Issue of Gazette Notification :**
**30th May, 2022 (Monday)**
**Last Date of Nominations :**
**6th June, 2022 (Monday)**
**Date for Scrutiny of Nominations :**
**7th June, 2022 (Tuesday)**
**Last Date for Withdrawal of candidatures :**
**9th June, 2022 (Thursday)**
**Date of Poll :**
**23rd June, 2022 (Thursday)**
**Date of Counting :**
**26th June, 2022 (Sunday)**
**Date before which election shall be completed :**
**28th June, 2022 (Tuesday)**

**66 माण्डर विधानसभा उपचुनाव की मतगणना संपन्न , INC की प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की निर्वाचित।**

**मांडर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम 26 जून को आया। मांडर विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार शिल्पी नेहा तिर्की ने करीब 23 हजार वोटों से अपनी जीत हासिल की।**

**66 माण्डर विधानसभा उपचुनाव में मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग ने  सिंगल यूज़ प्लास्टिक से दूरी बनाने की कोशिश की। इस कड़ी में 10 बूथों  में बांस के बने वोटिंग कम्पार्टमेंट्स को इस्तेमाल में लाया गया।  इस चुनाव मे 80 + बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई गयी।**

**SVEEP**













**6 जुलाई 2022 को राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्चुअल कांफ्रेंस के द्वारा समीक्षा बैठक की गयी।**

## राष्ट्रपति चुनाव 2022 को लेकर "MR. BALLOT BOX" पहुंचे रांची

**भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रपति चुनाव 2022 हेतु मतपेटी एवं अन्य निर्वाचन सामग्री झारखण्ड राज्य को उपलब्ध कराई गई. राष्ट्रपति चुनाव 2022 हेतु भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा झारखण्ड राज्य के लिए निम्नांकित सामग्रियां 13 जुलाई को झारखण्ड राज्य से प्राधिकृत पदाधिकारियों यथा- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से श्री देवदास दत्ता, अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा से रामनिवास दास, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, राष्ट्रपति निर्वाचन, 2022 एवं श्री संदीप कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी को उपलब्ध कराई गई:**




1. Steel Ballot Box with Wooden Box Cover
2. Keys of Ballot Box & Wooden Box
3. Ballot Papers
4. Authenticated List of Members of Electoral College for Presidential Election, 2022

5. Badges for :
(i) Chief Electoral Officer
(ii) Assistant Returning Officers
(iii) Officials
(iv) Authorised Polling Representatives of Contesting Candidates (Three for Each)
6. Violet Inked Pen for Marking Vote
7. Rubber Stamps for Presiding Officer
8. Poster on "Instructions"
9. Poster on "How to Use Pen"

# राष्ट्रपति चुनाव संपन्न

## झारखंड विधानसभा में 80 विधायकों ने डाले वोट




राष्ट्रपति चुनाव 2022 को लेकर देश के सभी राज्यों के विधानसभा और संसद भवन में 18 जुलाई को वोट डाले गये। झारखंड विधानसभा में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ।

इस दौरान झारखंड विधानसभा के निर्वाचित 81 सदस्यों में से 80 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हैदराबाद में पिछले कई महीनों से इलाजरत बीजेपी विधायक इंद्रजीत मेहता को छोड़ कर सभी विधायकों ने रांची में मतदान किया,जबकि झारखंड के 14 लोकसभा और 6 राज्यसभा सदस्यों ने संसद भवन स्थित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



राष्ट्रपति चुनाव से पहले 17 जुलाई को भारत सरकार के अपर सचिव डॉ राजेंद्र कुमार जिन्हें झारखंड का पर्यवेक्षक बनाया गया ने झारखंड विधानसभा में चुनाव को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि. कुमार, प्रभारी सचिव-सह-सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सैयद जावेद हैदर, संयुक्त सचिव-सह-सहायक निर्वाचन पदाधिकारी रामनिवास दास और अवर सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाभ देवदास दत्ता समेत विधानसभा के पदाधिकारी, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पदाधिकारी और प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदान के बाद विमान में सवार होकर दिल्ली को रवाना हुए 'मिस्टर बैलेट बॉक्स'

**राष्ट्रपति चुनाव के दौरान विमान के एक खास यात्री की खूब चर्चा रही जिसका नाम है 'मिस्टर बैलेट बॉक्स'**








18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान हुआ जिसमें एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का मुकाबला विपक्ष के यशवंत सिन्हा से हुआ। मतदान सुबह 10 बजे शुरू हुआ और शाम पांच बजे मतदान की प्रक्रिया खत्म हुई। मतदान के बाद अगले दिन झारखण्ड से 'मिस्टर बैलेट बॉक्स' को एयर इंडिया की फ्लाइट से निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय , राज्यसभा सचिवालय , नईं दिल्ली पहुँचाया गया।

### Presidential Election Result 2022: द्रौपदी मुर्मू बनीं देश की 15वीं राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू 21 जुलाई को आधिकारिक रूप से देश की 15वीं राष्ट्रपति निर्वाचित हो गईं। राष्ट्रपति चुनाव की मतगणना में उन्हें 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले।

राष्ट्रपति की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराकर जीत हासिल की है। राष्ट्रपति चुनाव में कुल 3219 वोट पड़े, जिसकी वैल्यू 838839 है। इसमें द्रौपदी मुर्मू को 2161 वोट ( वैल्यू 577777) और यशवंत सिन्हा को 1058 वोट ( वैल्यू 261062) मिले ।

## निर्वाचन विधि एवं नियमों मे हुए परिवर्तन के सम्बन्ध मे राज्य के सभी 81 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के दो-दो मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया

22.07.2022 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रांची में सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के दो दो मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची मे निबंधन, विलोपन, सुधार हेतु निर्धारित प्रपत्रों मे हुए संशोधन , आधार नंबर लींकिंग एवं 4 अर्हता तिथियों की जानकारी दी गयी।

प्रशिक्षण मे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनाँक 1 अगस्त 2022 से सभी मतदाताओं के आधार संख्या को मतदाता सूची से जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। आधार संख्या नहीं होने पर किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जायेगा, आयोग द्वारा निर्धारित अन्य 11 दस्तावेजो के आधार पर सत्यापन का कार्य किया जायेगा।

### निर्वाचन अधिनियम एवं नियम में संशोधन

**आर पी एक्ट 1950 के सेक्शन 14 के क्लॉज़ B के अन्तर्गत अब एक ही साल में मतदाताओं की अर्हता की तिथि चार हो जायेगी, पहली जनवरी, पहली अप्रैल, पहली जुलाई और पहली अक्तूबर को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किये जा सकेंगे**

- मतदाता पंजीकरण के लिए आधार का उपयोग
- अब मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए साल में चार अर्हता तिथियां
- सर्विस और विशेष मतदाताओं के लिए लैंगिक समानता का प्रावधान
- निर्वाचन संचालन के प्रयोजन से परिसर को अधिग्रहण करने की शक्ति



